राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग,
छठा तल, बी– विंग, दिल्ली सचिवालय, आई. पी. एस्टेट, नई दिल्ली–02

फा.संख्या : 09(10)/2024–25/क0सं0 एवं भाषा/हि0सैल/1958-2033 दिनांकः 8/9/2025

# परिपत्र

समस्त कार्यालयाध्यक्ष
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार,
दिल्ली सचिवालय,
आई.पी.एस्टेट, नई दिल्ली।

विषय : हिन्दी पखवाड़ा– सितम्बर, 2025 के उपलक्ष्य में दिनांक 23.09.2025 (मंगलवार) को आयोजित की जाने वाली संगोष्ठी/कविता पाठ/व्याख्यान के संबंध में ।

महोदय/महोदया,

कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा हिन्दी दिवस पखवाड़ा–सितम्बर, 2025 के उपलक्ष्य में दिल्ली सचिवालय स्थित मुख्य सभागार (मैन ऑडिटोरियम) में राजभाषा हिन्दी से संबंधित संगोष्ठी/कविता पाठ/व्याख्यान का आयोजन दिनांक 11.09.2025 (गुरूवार) को अपराह्न 03.00बजे आयोजित किया जाना निश्चित हुआ था।

कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग के दिनांक 12.8.2025 के परिपत्र संख्या 09(10)/2024–25/क0सं0 एवं भाषा/हि0सैल/1757–1787 के माध्यम से उक्त कार्यक्रम में आपको अपने विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की अधिकाधिक उपस्थिति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया था।

उपरोक्त कार्यक्रम के परिवर्तन के संदर्भ में आपको सूचित किया जाता है कि सचिव, कला, संस्कृति एवं भाषा के आदेशानुसार हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में उक्त कार्यक्रम अब **दिनांक 23.9.2025 (मंगलवार) को अपराह्न 03.00बजे दिल्ली सचिवालय स्थित मुख्य सभागार (मैन ऑडिटोरियम)** में हिन्दी से संबंधित संगोष्ठी/कविता पाठ/व्याख्यान का आयोजित किया जाना निश्चित हुआ है। उक्त कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कवि/वक्ता द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दी जाएगी। तत्पश्चात् कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए जलपान की व्यवस्था भी है।

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि राजभाषा हिन्दी के प्रसार–प्रचार एवं संबर्धन में किये जा रहे प्रयासों के संदर्भ में दिनांक 23.09.2025 को आयोजित किये जा रहे निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपने विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की अधिकाधिक उपस्थिति सुनिश्चित कर इस प्रयास में अपना अमूल्य योगदान करें।

भवदीय

(संजय गर्ग)
उप–सचिव (कला, संस्कृति एवं भाषा)
दूरभाष संख्याः 011–23392001–06
इन्टरकॉम नम्बरः 2618, 2624, 3734

फा.संख्या : 09(10)/2024–25/क0सं0 एवं भाषा/हि0सैल/1958-2033 दिनांकः 08/9/2025
प्रतिलिपि सूचनार्थ :–

1. नि0स0, सचिव, कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, सातवां तल, सी–विंग, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली।
2. नि0स0, विशेष सचिव, कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, छठा तल, बी–विंग, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली।